
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**पुण्यतिथि विशेष**

**17 अगस्त 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

इतिहास के पन्नों में नाम उन्हीं के दर्ज होते हैं जो पागलपन की हद से गुजरते हैं।

**माउंटेनमैन दशरथ मांझी**

जन्म : **14** जनवरी **1934** मृत्यु : **17** अगस्त **2007**



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# पियरे द फर्मा (फॉर्मेट) जन्म 17 अगस्त



फर्मा का जन्म 17 अगस्त 1601 ई को बोर्मान्ट द लोमाग्रे में हुआ था। फार्मा अपने अंतिम प्रमेय के कारण अधिक प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने अंतिम प्रमेय में बताया कि xn+ yn=zn )किसी भी धनात्मक पूर्णांक से संतुष्ट नहीं होता, यदि n>2हो।यद्यपि बर्मा ने लिखा है कि उन्होंने उपयुक्त समीकरण सिद्ध कर दिया था। किंतु साधारणतया यह विश्वास किया जाता है कि उनकी उपपत्ति में अशुद्धि है। 1995 तक इस समीकरण की शुद्ध उपपत्ति प्राप्त नहीं हो सकी थी, यद्धपि बहुत से विषय गणितज्ञों ने इसे सिद्ध करने का प्रयास किया।

विश्लेषात्मक ज्यामिति(Analytical geometry) एवं प्रायिकता(probability) पर किए गए कार्य के कारण फर्मा बहुत प्रसिद्ध है। फ्रर्मेट पहले व्यक्ति थे, जिन्हें सामान्य शक्ति कार्यों के अभिन्न मूल्यांकन के लिए जाना जाता था। अपनी पद्धति से वह इस मूल्यांकन को ज्यामितीय श्रृंखला के योग तक कम करने में सक्षम थे। परिणामी सूत्र न्यूटन और फिर लाइबनिज के लिए मददगार था, जब उन्होंने स्वतंत्र रूप से कैलकुलस के मौलिक प्रमेय को विकसित किया। 12 जनवरी 1665 ई को उनका देहांत हो गया।

# पुण्यतिथि विशेष 17 अगस्त




**दशरथ मांझी** *Dashrath Manjhi*, जन्म- 14 जनवरी, 1934; मृत्यु- 17 अगस्त, 2007) एक ऐसे भारतीय व्यक्ति थे, जिन्हें 'बिहार का माउंटेन मैन' कहा जाता है। वह बिहार में गया के करीब गहलौर गाँव के एक गरीब मजदूर थे। केवल एक हथौड़ा और छेनी लेकर दशरथ मांझी ने अकेले ही 360 फुट लंबी 30 फुट चौड़ी और 25 फुट ऊँचे पहाड़ को काट के एक सड़क बना डाली।

## TOB खेल कॉर्नर

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो




**932**

कुल गोल

### इंटरनेशनल करियर

**टीम :** पुर्तगाल

**पोजिशन :** सेंटर फॉरवर्ड

**मैच** 221 | **गोल** 138

**असिस्ट** : 45

### क्लब करियर

**टीम :** अल निसार

**पोजिशन :** सेंटर फॉरवर्ड

**मैच :** 1054 | **गोल :** 794

**असिस्ट :** 256



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **17.08.2025**

## लक्ष्य-आधारित अधिगम

लक्ष्य-आधारित अधिगम **(Goal-based learning)** एक शिक्षाशास्त्र है जिसमें शिक्षार्थियों को विशिष्ट, मापने योग्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह दृष्टिकोण शिक्षार्थियों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने और जटिल विषयों को सीखने में मदद करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





**पीएम मोदी** ने तोड़ा लाल किले से सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **लाल किले** की प्राचीर से अपना सबसे लंबा भाषण दिया है, जो **100 मिनट** से अधिक लंबा था। इससे पहले उनका भाषण **98 मिनट** का था, जो उन्होंने 2024 में दिया था।

# पद्य पंकज

"

बनबाला के गीतों सा,निर्जन में बिखरा है मधुमास,
इन कुंजों में खोज रहा है,सूना कोना मन्द बतास।
नीरव नभ के नयनों पर,हिलतीं हैं रजनी की अलकें,
जाने किसका पंथ देखतीं,बिछ्कर फूलों की पलकें।
मधुर चाँदनी धो जाती है,खाली कलियों के प्याले,
बिखरे से हैं तार आज,मेरी वीणा के मतवाले;
पहली सी झंकार नहीं है,और नहीं वह मादक राग,
अतिथि! किन्तु सुनते जाओ,टूटे तारों का करुण विहाग।

---

**महादेवी वर्मा**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्म
विभूषण
हिंदी साहित्य जगत के महान साहित्यकार
पद्म भूषण से सम्मानित
अमृतलाल नागर
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
17 अगस्त 1916 - 23 फरवरी1990
Madhu priya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
दशरथ माँझी
जन्म-14 जनवरी 1929
मृत्यु- 17 अगस्त 2007
Madhu priya
/teachersofbihar